तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023



संकल्प यात्रा में 11 हजार से अधिक का हुआ इलाज





## खबर संक्षेप

### महिला सहित दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 7 किलोग्राम गांजे के साथ महिला सहित 2 गांजा तस्करों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली थाना प्रभारी को सूचना मिली कि एक महिला और पुरुष अवैध गांजा लेकर घरघोड़ा की ओर जाने के लिए बस पकड़ने सीएमओ तिराहा से पैदल उर्दना बैरियर की ओर आगे बढ़ रहे है। थाना प्रभारी द्वारा उर्दना बैरियर के पास नाकेबंदी की गई। पैदल आते महिला और पुरुष को रोक कर पूछताछ की गई और उनके पास रखे प्लास्टिक बैग की जांच की गई। दो प्लास्टिक बोरे को चेक किया गया, जिसमें एक बोरे में 4 किलो मादक पदार्थ गांजा तथा दूसरे प्लास्टिक बोरे में 2 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बागबाड़ी में 25 लीटर महुआ शराब जब्त करते हुए करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 5 हजार रूपए आंकी गई है। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भ्रमण दौरान थाना तमनार के पेट्रोलिंग टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति प्लास्टिक थैला में महुआ शराब लेकर पैदल ग्राम बागबाडी से झरना की ओर जा रहा है। ऐसे में तकाल ग्राम बागबाड़ी में तमनार पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही को प्लास्थिक थैले में एक-एक लीटर के प्लास्टिक पन्नी पाऊच में महुआ शराब लेकर जाते समय पकड़ा गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**रायगढ़।** कापू पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के 7 घंटों के भीतर ही पत्थलगांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते करीब 4 वर्ष से पीड़िता से विवाह करने का प्रलोभन करते हुए अनाचार करता था। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विनोद सिदार वह 4 साल से जानती है। 2021 में वह नदी से नहा कर घर लौटते समय विनोद सिदार रास्ते में रोकर जंगल ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद विनोद सिदार शादी करने का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। विनोद के शादी को लेकर लेटलतीफी करने पर युवती ने शादी करने का दबाव बनाया। तब विनोद ने शादी करने से इनकार कर दिया।

### सफाई पर ध्यान नहीं शौचालयों में टूट फूट

**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन में साफ सफाई का ठेका बदलने के बाद सफाई व्यवस्था पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्लेटफार्म में डस्ट बिन में कचरा भरने के बाद उसे खाली नहीं किया जाता, वहीं शौचालयों में साफ सफाई नहीं के बराबर होती है, यहां कुछ अज्ञात लोगों ने तोड़फोड भी की है। किंतु इसकी मरम्मत को लेकर स्थानीय विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। काफी दिनों तक सफाईकर्मियों को सुरक्षा उपकरण ठेकेदार द्वारा मुहैया नहीं कराया गया, वहीं वर्तमान में साफ सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि पिछली बार बिलासपुर से पहुंची टीम ने साफ सफाई को लेकर विशेष तौर ध्यान देने के निर्देश दिए थे। किंतु वर्तमान में ऐसा होते नजर नहीं आ रहा है। प्लेट फार्म 1 में स्थित शौचालय में आयना सहित यूरीन कमोड में तोड़ फोड़ हुए करीब 20 दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इन्हें बदला नहीं गया है।

## जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को मिलेगा बढ़ावा

# मेडिकल कालेज में शुरू हुआ जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से मिलने वाली सस्ती जेनेरिक दवाइयां इलाज के दौरान मरीजों को भारी भरकम खर्च से राहत दे रही हैं। केंद्र सरकार की इस योजना से रायगढ़ जिले वासियों को लाभान्वित करने जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज में खोला गया है। मेडिकल कॉलेज के परिसर में पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारंभ बीते 22 दिसंबर से हुआ है। जहां से मरीज और आमजन काफी कम कीमतों में दवाइयां खरीद सकते हैं। यहां 1759 उच्च गुणवत्ता युक्त दवाईयां और 280 सर्जिकल आइटम्स 50 से 90 प्रतिशत की भारी छूट के साथ मरीजों को मिल रही हैं।



**1759 दवाइयां और 280 सर्जिकल आइटम्स मिलेंगे 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर, इलाज के खर्च में आएगी कमी**

जन औषधि केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज ने बताया कि इस जन औषधि केंद्र से मरीजों को सस्ती कीमत में दवाएं मिलेंगी। जिससे यहां इलाज के लिए दूर दूर से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक जन औषधि केंद्र संचालित रहेगा। जिसे 24 घंटे संचालित करने की योजना है। गौरतलब है कि लोगों को अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां कम कीमत में मुहैय्या कराने के उद्देश्य से पीएम जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इससे जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलने के साथ इलाज में होने वाले खर्च में कमी आ रही है।

# क्रिसमस आज : रोशनी से जगमग चर्च



**प्रभु यीशु के जन्म पर आधी रात बिखरी खुशियां**

**रायगढ।** प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन सोमवार को क्रिसमस के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। क्रिश्चियन समाज ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रविवार आधी रात बाद प्रभु यीशु के जन्म पर खुशियां मनाई गई।

क्रिसमस को देखते चर्च आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमग हो गए है। इससे पहले शनिवार को दिनभर समाज ने क्रिसमस को लेकर बाजार में खरीदारी की। घरों में क्रिसमस ट्री सजाए गए। इसके लिए स्टार, सांता क्लॉस, रंगीन लाइटें आदि की खरीदारी हुई। पर्व को देखते हुए घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजन गुजियाए शक्कर पारे व केक बनाए गए है।

क्रिश्चियन समुदाय के गुडविन मसीह ने बताया कि शहर के सभी चर्चों में 24 दिसंबर की रात 11 से 12 बजे तक मिडनाइट सर्विस का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन आदि गाकर व चर्च फादर द्वारा बाइबल संदेश प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर दिया गया। रात बारह बजते ही आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई। एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी गई। मसीह ने बताया कि कैरोल सिंगिग व क्रिसमस ट्री का आयोजन चर्च में हो रहा है। क्रिसमस पर फादर की ओर से बच्चों व सभी चर्च सदस्यों को गिफ्ट दिए जाते है। क्रिश्चियन स्कूल के बच्चों की ओर से यीशु मसीह के जन्म की लघु नाटिका की गई। इसमें बच्चे मरियमए युसूफए जो प्रभु यीशु मसीह माता पिता थे व गडरिया, मजूसी जिन्होंने सबसे पहले प्रभु यीशु के दर्शन किए थे आदि का वेश धारण किया। मसीह ने बताया कि 25 दिसंबर की सुबह 10 बजे से शहर के सभी चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं होगी।

# छह दिन में लेटफीस के साथ विवरणी नहीं की फाइल, तो नहीं मिलेगा रिफंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन आयकरदाताओं ने वर्ष 22.23 की आयकर विवरणी अभी तक नहीं भरी है। वे सावधान हो जाएं। वे अपनी विवरणी लेटफीस के साथ 6 दिन में फाइल कर दें। अगर आपने 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न फाइल नहीं किया तो आपको रिफंड नहीं मिलेगा। इसके साथ ही जिन लोगों ने रिटर्न फाइल कर दिया है। लेकिन वे उसमें सुधार करना चाहते तो रिवाइज रिटर्न की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

31 दिसंबर तक लेटफीस के साथ आयकर विवरणी फाइल करने वालों में ऑडिट वाले, नॉन ऑडिट वाले, कंपनियां, व्यक्ति, संस्था, पार्टनरशिप फर्म शामिल हैं। दरअसल पूर्व के वर्षों में लेटफीस के साथ आयकर विवरणी 31 मार्च तक दाखिल होती थी। इसमें आयकर विभाग ने बदलाव कर लेटफीस के साथ 31 दिसंबर कर दी है।

**इस तरह लग रही लेट फीस**

जिन करदाताओं की सालाना आमदनी 5 लाख रुपए है उन्हें एक हजार रुपए व जिनकी सालाना आय 5 लाख से अधिक है। उन्हें पांच हजार रुपए लेटफीस के साथ विवरणी फाइल करना होगा। रिटर्न रिवाइज भी 31 तक कर सलाहकार राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 22.23 में जिन लोगों ने रिटर्न फाइल कर दिए हैं। उसमें कुछ त्रुटि रह गई है तो वे 31 दिसंबर तक रिटर्न रिवाज कर सकते हैं।





**ये होगी परेशानी**

- जो करदाता पेनाल्टी के साथ विवरणी तय समय सीमा में फाइल नहीं करते है तो उन्हें टीडीएस रिफंड नहीं मिलेगा।
- रिटर्न रिवाइज त्रुटि सुधार नहीं कर पाएंगे।
- देय कर का 25 प्रतिशत अतिरिक्त देना पड़ेगा।

**समय रहते जमा कर दें विवरणी**

पेनाल्टी के साथ वर्ष 22-23 की आयकर विवरणी फाइल करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। जिन लोगों ने अपनी आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है वे अंतिम दिनों का इंतजार नहीं करें। समय पर विवरणी जमा करा कर होने वाली परेशानी से बचे।


- **आरके अग्रवाल,** आयकर अधिवक्ता

# कोविड की आशंका के चलते मास्क की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोविड की आशंका चलते लोगों ने सावधानी बरतनी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक जिले में कोविड का एक भी मामला सामने नहीं आया है। फिर भी बचाव ही उपाय के सिद्धांत को मानते हुए लोग सतर्क हो गए हैं। इसे देखते हुए दवाइयों की दुकानों पर मास्क की बिक्री भी बढ़ गई है।

साथ ही जिला अस्पताल के कई विभागों में मास्क के बिना प्रवेश भी रोक दिया गया है। दो साल पहले कोविड के गति के साथ फैलने के दौरान मास्क तथा सेनेटाइजर की बिक्री परवान चढ़ गई थी। जैसे.जैसे कोविड कमजोर होता गया। वैसे वैसे मास्क की बिक्री भी कमजोर होती गई और गत डेढ़ साल से लोगों ने इसकी खरीद बंद कर दी थी। अब वापस प्रदेश के जिलों में कोविड के नए वैरिएंट के आने के बाद रायगढ में भी सतर्कता बरतनी प्रारंभ कर दी है। गत दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी नए वैरिएंट को देखते हुए गाइड लाइन भी जारी कर दी है।



**अब आने लगे मास्क के ऑर्डर**

कोविड की आशंका के चलते अब दवा दुकानदारों ने मास्क के ऑर्डर देने प्रारंभ कर दिए हैं। होलसेल व्यापारी सुरेश गुप्ता ने बताया कि पूर्व में एक दिन में डेढ़ सौ से दो सौ मास्क बिकते थे। अब प्रतिदिन पांच सौ मास्क की बिक्री हो रही है। इसके अलावा खुदरा व्यापारी भी मास्क के ऑर्डर दे रहे हैं। हालांकि सेनेटाइजर की डिमांड अभी तक शुरू नहीं हुई है। फिर भी कंपनियों को ऑर्डर दिए जा रहे हैं ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। वहीं खुदरा व्यापारी बाबुलाल गहलोत ने बताया कि तीन दिनों से वापस लोग मास्क लेने के लिए आने लगे हैं। इसलिए होलसेल व्यापारियों को ऑर्डर दिए जा रहे हैं।

# चालक को धमका कर 970 लीटर डीजल सहित 1 लाख रुपए की लूट

**रायगढ़।** शुक्रवार रात कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन कॉलोनी के पास स्कूटी सवार 4 अज्ञात नकाबपोश युवकों के द्वारा फिल्मी अंदाज में बोलेरो कैम्पर वाहन चालक व हैल्फर को बंधक बनाते हुए 970 लीटर डीजल व मोबाइल की लूट की वारदात को अंजाम दिगया गया।

इस संबंध में वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 1910 के चालक चंद्रशेखर बी आर पिता शिवप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी डोंगाढकेल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 22 दिसंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने हैल्फर तापस मुडा के साथ घड़ी चौक स्थित आदिवासी पेट्रोल पंप डीजल लाने के लिए गया हुआ था। वाहन में रखे 4 प्लास्टिक के ड्रम में करीब 970 लीटर लेकर वह डोंगाढकेल जाने के लिए निकले थे। इसी बीच वृंदावन कॉलोनी के समीप चार युवक स्कूटी पर सवार होकर आए और वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 1910 को रूकवाया और उन दोनों का मोबाइल छिन कर रख लिया। जिसके बादे उन्होंने हैल्फर व उसे अपनी स्कूटी में बैठाया और स्कूटी सवार दो युवक कैंपर वाहन लेकर स्कूटी के पीछे पीछे आते रहे। जिसके बाद हाईवे में स्थित कलकता ढाबा के समीप बायीं ओर गए, जहां उन्होंने कैंपर वाहन से डीजल से भरे चारो ड्रमों को उतारा और वाहन लेकर चले जाने का कहा। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की भी धमकी दी। जिसके बाद वे दोनों वाहन लेकर वहां से निकल आए । तत्पश्चात उन्होंने थाने आकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई।



**कोतरा रोड थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी के पास हुई वारदात**

**संदिग्धों के संबंध में अभी सूचना नहीं**

नकाबपोश युवकों द्वारा इस वारदात को अंजाम देने की शिकायत मिली। अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 392 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। संदिग्धों के संबंध में अभी कोई सूचना नहीं मिली है।

- **विजय चेलक**
थाना प्रभारी, कोतरा रोड

# 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को मिला उज्जवला योजना का लाभ

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 1600 से अधिक महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिल चुका है। जिससे आज ग्रामीण महिलाएं काफी खुश नजर आ रही है। इस कार्यक्रम के दौरान राजपुर निवासी श्रीमती रूकमणी साहू ने बताया कि पहले चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी की आवश्यकता होती थीए जिससे उठने वाले धुएं से परेशानी होती थी। वहीं खाना बनाने में अधिक समय लगने से अन्य कार्य प्रभावित होता था। लेकिन पीएम उज्जवला योजना से वे सभी परेशानी दूर हुईए समय का बचत हो रही है और खाना बनाना आसान हो गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकासखण्ड लैलूंगा के 356 महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिला है। इसी प्रकार खरसिया में 171, तमनार में 198ए रायगढ़ में 256, धरमजयगढ़ मे 303, पुसौर मे 51 एवं घरघोड़ा में 305 सहित कुल 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना से लाभान्वित किया गया है।

# खनिज छापामार कार्रवाई: 2 हाइवा, 3 ट्रेक्टर जब्त



**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कानून अनुसार कार्यवाही के निर्देश पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ विकासखंड में खनिज छापामार कार्यवाही की गई है।

खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनिज विभाग के सयुक्त दल द्वारा ग्राम टिमरलगा, गुडेली सरिया, सरसीवा तथा भटगाव क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। भटगाव क्षेत्र में अवैध खनिज पत्थर परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर एवं 2 हाइवा एवं खनिज रेत के अवैध परिवहन करते 1 ट्रैक्टर को पाए जाने पर स्थल पर ही 05 वाहनो को जप्त किया गया। आगामी कार्यवाही तक वाहनों को थाना प्रभारी भटगाव और सरसीवा के सुपुर्दगी में दिया गया। अवैध भंडारण कर संचालनकर्ता द्वारा ग्राम लाला धुरवा में अवैध भंडारण क्रॅशर अनिल केडिया में कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के निर्देश पर की जाएगी।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस विशेष : अधिनियम बनने के 35 साल बाद भी अधिकारों से अनजान उपभोक्ता

# उपभोक्ताओं की अज्ञानता का फायदा उठाकर कर जाते हैं ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उपभोक्ताओं के महत्व उनके अधिकारों और दायित्वों के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को प्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हमारे देश की एक बड़ी आबादी अशिक्षित है जो अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन उपभोक्ता अधिकारों के मामले में शिक्षित लोग भी अपने अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं। इसके चलते वे कई बार ठगे भी जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से डिजिटल लेनदेन बढ़ा है। जिस अनुपात में डिजिटल लेनदेन बढ़ा है उसी अनुपात में ऑनलाइन ठगी बढ़ी है। जानकारी के अभाव में उपभोक्ता ठगे जाने के बाद चुप बैठ जाते हैं। उपभोक्ता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष इस दिवस का आयोजन किया जाता है।

- **डिजिटल युग में जटिलताओं को कवर करने में कितना सक्षम है अधिनियम**

भारत में 24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम राष्ट्रपति की ओर से स्वीकार किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसम्बर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं को उनका अधिकार देने के लिए लागू किया गया। इस अधिनियम के तहत कोई भी उपभोक्ता अनुचित व्यापार की शिकायत कर सकता है।





डिजिटल भुगतान में बढ़ोत्तरी के साथ इससे संबंधित जोखिम भी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भारत सरकार ने उपभोक्ताओं की ओर से की जाने वाली ऑनलाइन शॉपिंग को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019 में ई कॉमर्स संबंधी नियम भी बनाए हैं। जिसमें सरकार ई कॉमर्स साइट्स पर कई सख्त कानूनी प्रावधान लागू करती है। इस नियम को उपभोक्ता संरक्षण ई.कॉमर्स अधिनियम 2020 कहा गया। विशेष रूप से वैश्वीकरण, ऑनलाइन प्लेटफार्म, ई कॉमर्स बाजार आदि के नए युग में उपभोक्ता संरक्षण के प्रावधानों को और मजबूत करने के लिएए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को प्रतिस्थापित करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण ई कॉमर्स अधिनियम 2020 लागू किया गया था। इसमें उपभोक्ता की परिभाषा के दायरे का विस्तार करते हुए इसमें ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया है जो ऑनलाइन या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सामान या सेवाएं खरीदते हैं या उनका लाभ उठाते हैं जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में मौजूद नहीं था।

**एक्सपर्ट व्यू कर रहे जागरुक**

पहले के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम.1986 के स्थान पर नया अधिनियम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 बनकर 20 जुलाई 2020 से लागू हो गया है। नए अधिनियम में समय के साथ अनेक विशेष प्रावधान जोड़े गए हैं। क्षेत्रीय अधिकारिता और आर्थिक क्षेत्राधिकार में बदलाव किया है। कम समय में उपभोक्ताओं को न्याय मिलेए इसके लिए भी अधिनियम में खास प्रावधान किए गए हैं। परिवाद दर्ज करने से लेकर जवाब पेश और निस्तारण तक की अवधि तय की गई है। आदेशों के निष्पादन के लिए भी आयोग को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त है। डिजिटल मार्केटिंग को देखते हुए नए अधिनियम में ई.कॉमर्स को जोड़ा गया है। जहां तक उपभोक्ता जागरुकता की बात है, उपभोक्ता मामले विभाग स्तर पर खूब प्रचार प्रसार के माध्यम अपनाए जा रहे हैं। रायगढ के आयोग ने उपभोक्ता जागरुकता के लिए पेंटिंगए हॉर्डिंग लगाने के साथ उपभोक्ता निर्णयों को मीडिया के माध्यम से प्रकाशित करवाकर जागरुकता के प्रयास किए जा रहे हैं।

- **राजेन्द्र पांडेय** सदस्य, उपभोक्ता फोरम

**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य**

इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है। बाजार में होने वाली ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी चीजों का वितरण, तय मूल्य से ज्यादा दाम वसूलना, बिना मानक वाली वस्तुओं की बिक्री, ठगी, नाप तौल में अनियमितता, गारंटी के बाद भी सर्विस नहीं देने के अलावा उपभोक्ताओं के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए इस दिन को मनाया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## पावरग्रिड के कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में 23 दिसंबर को यातायात पुलिस ने पावरग्रिड घरघोड़ा जाकर कर्मचारियों को यातायात सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। थाना प्रभारी यातायात इंस्पेक्टर रोहित बंजारे तथा हेड़ कांस्टेबल मुकेश चौहान ने कर्मचारियों को सुरक्षित यातायात को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दिये और यातायात के महत्वपूर्ण संकेतों को बताया गया। इंस्पेक्टर रोहित बंजारे ने सड़क हादसों के मुख्य कारण तेज गति से गाड़ी चलाना, हेलमेट ना पहनना या सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, नशे में गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय या सड़क पार करते समय मोबाइल फोन या ईयर फोन का उपयोग करना, गलत दिशा में वाहन चलाना और सबसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की अनदेखी है कुछ बेसिक नियमों के पालन से सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। थाना प्रभारी ने कर्मचारियों को निर्धारित गतिसीमा में वाहन चलानेए नशे के हालात में वाहन नहीं चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने नहीं देने, दुपहिया वाहन बिना हेलमेट व फोर व्हीलर वाहन में बिना सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दिए तथा वाहन के सारे दस्तावेज अपडेट कर वाहन में रखने कहा गया। हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान ने पावर ग्रिड के कर्मचारियों को यातायात नियमों पर होने वाले भारी जुर्माना और ट्रैफिक सिग्नल की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात रोहित बंजारे, प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान, प्रेम सिदार व हमराह स्टाफ भी मौजूद थे।

## ओजस के सप्ताहिक योग शिविर का आरंभ

**रायगढ़।** योग दिवस के जरिए योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का श्रेय मोदी सरकार को जाता है। वहीं शहर मे विगत एक दशक से ओजस योग मंदिर के तत्वधान में योग साधना निरोगी काया का सबसे उत्तम माध्यम बना हुआ है। इसी कडी मे रविवार को शहर मे ओजस के साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के मौजूदगी मे किया गया। अपने संबोधन मे उमेश ने ओजस के योग संकल्प व योगासन से अपने कुटुम्ब मे हुए लाभ की प्रत्यक्ष मिसाल देते हुए श्रेया अग्रवाल को बधाई दी। इस मौके पर रायगढ़ इस्पात के डायरेक्टर कमल अग्रवाल ने शाल श्री फल से मुख्य अतिथि जिला भाजपा का सम्मान किया। पिछले एक दशक से घर घर योग का अलख जगाने के लिए ओजस योग मंदिर के योगदान को सराहनीय बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा शहर की बेटी श्रेया अग्रवाल द्वारा योग के क्षेत्र में जलाई अलख का लाभ आम जनता को मिल रहा है।

### जिला पंचायत सीईओ ने शिविर में लगाए स्टॉल का किया निरीक्षण

# विकसित भारत बनाने का शिविर में हितग्राहियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शिविर में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बलौदा एवं नवागढ़ जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। वहीं नागरिकों ने भी विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। जिला पंचायत सीईओ ने शिविर में लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शनिवार 23 दिसंबर को जिले के बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डोंगरी, भिलाई, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुड़पार और खिसोरा में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे द्वारा जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत खम्हिया में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों में शिविर में पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

**इन ग्राम पंचायतों में आज पहुंचेगी संकल्प यात्रा**-विकसित भारत संकल्प यात्रा 24 दिसम्बर को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सलखन, बरभाठा और कचंदा में आयोजित किया जाएगा।

## लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग व सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम

**जशपुर।** लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग एवं सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम 23 दिसंबर को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र खिसतयाग्र से हुई। जिसके मुख्यअतिथि फादर मुक्ति प्रकाश मिंज, भिकर जेनेरल जशपुर डायसिस डॉ.ओस्कर, एस तिर्की, लोयला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.तेलेस्फोर, उपप्राचार्य अलेक्स लकड़ा, फादर सत्यप्रकाश रहें। ख़स्तिम्स गैदरिंग में ग्रुप नृत्य कैरेल की धूम रहीं। विशप रेभ, ग्लैडसन मिंज बंदर चुवा मुख्य अतिथि एवं सिस्टर मेरी कुसुम तिर्की ,संत अन्ना मध्य प्रदेश प्रोविंस के प्रोविंशल विशिष्ट अतिथि रहे। इसमें हिंदू, मुस्लिम, क्रिश्चियन एवं जैन धर्म के अगुवाओं को विशेष रूप से बुलाया गया था। सभी धर्म के प्रतिनिधि अपने धर्म के सार को बताया। प्रतिनिधि के रूप में हिंदू धर्म से रामअवतार बजाज, मुस्लिम समाज से मोहम्मद सिद्दीकी, जैन धर्म से मनोज जैन ने अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा यीशु सबके उद्धार के लिए जन्म लिए हैं। उन्होंने मानव को ईश्वर के रास्ते चलना सिखाया, क्योंकि वह खुद ईश्वर मनुष्य के रूप में थे। विशिष्ट अतिथि ने ख़स्तिम्स के अर्थ को समझते हुए कहा कि बालक यीशु सत्य प्रेम एवं क्षमा के प्रतीक बनकर दुनिया में आए ।प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वधर्म मानव की भलाई चाहती है ।यीशु सभी के पाप को मिटाने आए हैं। गैदरिंग का संचालन विद्यार्थियों के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के संचालन में विजय टोप्पो ,अंजलि कुजूर, विद्या लकड़ा ,ओलिविया खाखा और अर्पित आलोक केरकेट्टा फादर अलेक्स लड़का , प्रोफेसर कंचन केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा।



# पूर्व उपसरपंच की मौत के मामले में सुराग जुटाने में लगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औराभांठा निवासी पूर्व उपसरपंच की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस को अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिल पाया हैं। हालांकि इस मामले में पुलिस सुराग जुटाने में लगी हुई है। वहीं पीएम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके, जिससे जांच में भी थोड़ी तेजी आएगी और जांच की एक दिशा तय होगी। हालांकि पुलिस द्वारा मृतक के संबंधितों से पूछताछ कर रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके।

ज्ञात हो कि ग्राम औराभाठा में गांव के पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर पटेल पिता महेश पटेल उम्र 45 वर्ष का शव उसके घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित उसके पड़ोसी के घर की छत पड़ा हुआ देखा गया था। सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस डॉग स्क्वाड व फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर लोगों से पूछताछ करने के साथ ही कुछ अहम सुरागों को एकत्र करने में लग गई। मृतक रेत के सप्लाई का काम करता था। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान कर ही जांच कर रही है। वहीं इस मामले में हर तरह से जांच हो रही है। घरवालों सहित मृतक के परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। चूंकि अब तक पीएम रिपोर्ट अप्राप्त है ऐसी स्थिति में मौत के कारण भी स्पष्ट नहीं हैं, ऐसी स्थिति में पुलिस हर एंगल को लेकर जांच कर रही है। ताकि इस मामले में कोई उचित व ठोस सुराग हाथ लग सके।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

पीएम रिपोर्ट अब तक अब तक प्राप्त नहीं हुई है। लिहाजा हर एंगल से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मौके के कारणों का पता चलेगा तब कुछ कहा जा सकता है।

**-विजय चेलक**
थाना प्रभारी, कोतरा रोड थाना

# स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सहायता के लिए सीएम निवास बना आशा का केन्द्र

**जशपुरनगर।** बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों से लगातार जरूरतमंदों द्वारा कॉल किया जा रहा है। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों की तत्काल सहायता के लिए पहल की जा रही है।



बीते 48 घंटे के दौरान सीएम निवास में सहायता के लिए तीन कॉल प्राप्त हुए। पहला सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दोकड़ा निवासी सुखराम मोदी के उपचार के लिए उनके परिजन से सहयोग मांगा था। सीएम निवास ने अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल सुखराम मोदी के उपचार की व्यवस्था की। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। इस पर घायल को अंबिकापुर तक पहुंचाने और अस्पताल में भर्ती कराने की पूरी व्यवस्था की गई। इसी तरह बाइक से गिर कर घायल हुई फरसाबहार ब्लाक के घिंचा निवासी पद्मावती यादव की हालत गंभीर हो गई थी। चिकित्सकों ने उन्हें फरसाबहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेअंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया था। घायल को अंबिकापुर तक ले जाने के लिए,पद्मावती के परिजनों ने सीएम निवास से संपर्क किया। सीएम निवास की पहल पर,पद्मावती की जान बचाने के लिए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर अंबिकापुर रवाना किया गया। इसी तरह ऊपरघिंचा निवासी रहमत राम,को घर में गिरने से सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें गंभीर हालत में अंबिकापुर जिला अस्पताल से रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान रहमत की सांस की डोर टूट गई। मृतक को अंतिम संस्कार के लिए रायपुर से फरसाबहार लाने के लिए परिजन ने सीएम निवास से सहायता मांगी।

### अब तक सहायता के लिए 15 कॉल दर्ज

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया गांव के निवासी और कुनकुरी के विधायक विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते 10 दिनों के अंदर ही बगिया स्थित सीएम निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश से 15 कॉल आ चुके हैं। इन सभी काल को गंभीरता से लेते हुए सीएम निवास ने पीड़ितों की सहायता के लिए पुख्ता व्यवस्था कर उन्हें राहत पहुंचाई है।

### स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश के आला प्रशासनिक अधिकारियों की पहली बैठक में ही स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती दिया था। मुख्यमंत्री साय ने एंबुलेंस सेवा में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सेवा प्रदाता कंपनी को कॉल मिलने के आधा घंटे के अंदर मौके पर पहुंचने के सख्त निर्देश दिया है।

# जीएसटी के द्वितीय बैच का समावर्तन समारोह

**रायगढ।** राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, रायपुर द्वारा निरीक्षकए वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी के द्वितीय बैच के समावर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन महिला अधिकारी समेत कुल 30 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर मोहम्मद अबु सामा, आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, रायपुर उपस्थित थे। उन्होने अपने संबोधन में सभी अभ्यर्थियों को 14 सप्ताह के प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने जीएसटी के देश के आर्थिक उन्नति में किये जाने वाले योगदान के बारे में बताया द्य उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को अपने कार्यो को पूरी निष्ठां एवं ईमानदारी के साथ करने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. अशोक कुमार पांडे, आयुक्त, अपील्स रायपुर ने अपने संबोधन में कानून के क्रियान्वन एवं ट्रेड फैसिलिटेशन के मध्य उचित संतुलन स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार अग्रवाल, अपर महानिदेशक, गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटेलिजेंस डायरेक्टर जनरल रायपुर ने सभी अभ्यर्थियों को अपने अधिकारिक कार्यों एवं जीवन के मध्य उचित संतुलन बनाये रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शैलेन्द्र कुमार, अपर निदेशक, राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, रायपुर ने स्वागत भाषण में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया, जिसमे जीएसटी, कस्टम्स, नारकोटिक्स और आर्म्स ट्रैनिंग का विशेष उल्लेख करते हुए एडवेंचर, क्रीड़ा और सांस्कृतिक गतिविधियों का जिक्र भी किया। समावर्तन समारोह मे प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रो में अद्भुत प्दर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।




# श्री लक्ष्मी पूजन का समापन, पांच दिनों तक विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अघन मास के सुअवसर पर श्री लक्ष्मी पूजन का अनुष्ठान समस्त नगरवासी कोतबा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह आयोजन नगरवासी सार्वजनिक रूप से लगातार 21 वर्षों से करते आ रहे है। जिसमे पहले दिन कोतबा खालपारा स्थिल लक्ष्मी पंडाल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यज्ञ में शामिल होने कोतबा नगरवासी सहित अन्य ग्रामों की महिलाओं व भगत गण सैकडों की संख्या में उपस्थित थे। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस पावन सार्वजनिक लक्ष्मी पूजन महोत्सव मे प्रति दिन हवन पूजन व आरती का भी आयोजन विशेष रूप से किया गया। अघन माह के आखरी गुरुवार तक



आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सभी भक्तगण बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए । वही 5 दिनों तक रोजाना संध्या आरती संगीतमय भव्य महाआरती कर देवी लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती सहित आहूत देवताओं को प्रसन्न किया गया।

## शांतिभवन चर्च जशपुर में क्रिसमस की धूम

**जशपुर।** रायगढ़ रोड स्थित संत एग्नासियूस चर्च शांति भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रात 12 बजे ईसा मसीह का जन्मोत्सव सुरू होगा। मसीही समाज के धर्मावलंबी सैकड़ों की संख्या में रात को एकत्र होकर ईसा मसीह का जन्मोत्सव मनाएंगे।



# कलेक्टर ने पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बधरकोना में चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ।उन्होंने प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की और पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं आप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।


- प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं पीएम आवास जिला समन्वयक को पंचायत में भ्रमण कर पीएम आवास के तहत बन रहे प्रगतिरत और शेष बचे निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए और पीएम आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने समझाइस दिया। इस दौरान सीईओ जनपद जशपुर लोकहित भगत, पीएम आवास जिला समन्वयक श्री आशीष, तकनीक सहायक एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।
















24 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/24/2023 8:04 PM Page 1





# फिल्म 'मैं अटल हूं' का मास्टरपीस ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा को लेकर बड़े पर्दे पर पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं आ रही है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं फैंस इसे मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक बार फिर पंकज त्रिपाठी की अदायगी के लोग कायल हो गए हैं। ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जिस नेता को आप जानते हैं, उस आदमी को जिसे आप नहीं जानते। प्रस्तुत है अटल बिहारी वाजपेयी के असाधारण जीवन की एक झलक।

लाइफ Style

# दीपिका

## 1 लाख से अधिक की पहनी मिनी स्कर्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार ऋतिक रोशन स्क्रीन शेयर करते दिखने वाले हैं। फिल्म के टीजर और सॉन्ग्स को फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीते दिन ही फिल्म का दूसरा रोमांटिक गाना 'इश्क जैसा कुछ' आउट हुआ है और इस गाने में एक बार फिर दीपिका का बोल्ड अंदाज देख फैंस उनके मुरीद हो गए हैं, लेकिन उनके आउटफिट की कास्ट जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। न्यू सॉन्ग इश्क जैसा में दीपिका पादुकोण ने मिनी स्कर्ट और ब्रालेट पहनी है। इस ड्रेस में वैसे तो एक्ट्रेस हर आउटफिट में अच्छी लग रही है, लेकिन दीपिका की मेटल की मिनी स्कर्ट और ब्रैलेट तो इस समय टॉक ऑफ द टाउन बन गया है।

दीपिका की पाको रबैन एम्बेलिश्ड मिनी स्कर्ट की ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कीमत की बात करें तो इस मिनी स्कर्ट की कीमत 1,769 अमेरिकी डॉलर है, लेकिन डिस्काउंट करके ये 1,238 अमेरिकी डॉलर की कीमत पर मिल रही है। भारतीय कीमत के हिसाब से इस मिनी स्कर्ट का प्राइज 1,03,169 रुपए है। सोने-चादी के तार और लटकन ने इस स्कर्ट को काफी खूबसूरत बनाया है। वहीं, प्लंजिंग यू-नेकलाइन ब्रैलेट आपको 753 अमेरिकी डॉलर यानी 62,751 रुपए की कीमत पर मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस शॉपिंग के लिए निकलीं

**एंजेलिस।** हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के चलते चर्चा में रहते हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो इस समय चर्चा में हैं। दरअसल, ये तस्वीरें उस समय क्लिक की गई जब हैली वेस्ट हॉलीवुड में बोट्टेगा वेनेटा में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए निकलीं थीं। इन तस्वीरों में हैली का बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है।




# पर्पल जैकेट में रिहाना का स्टाइलिश लुक...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप स्टार रिहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में रिहाना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो इस समय इंटरनेट पर छाईं हुईं हैं। दरअसल, रिहाना बीते दिन फैंटी एक्स पूमा लॉच में पहुंची। इस दौरान उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो रिहाना व्हाइट टी-शर्ट टॉप, ब्लू जींस और फर्र वाली पर्पल जैकेट में कमाल की लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, ब्लू आईशेडो रिहाना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो रिहाना ने अपने बालों को बांध रखा है। इवेंट में रिहाना ने स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए।



# कपूर सिस्टर्स ने बेचे करोड़ों के फ्लैट्स


**मुंबई।** बोनी कपूर की बेटियां जाह्नवी और खुशी कपूर सिर्फ इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के तौर पर ही नहीं बल्कि फाइनेन्शियली भी सक्सेसफुल हैं। इंडस्ट्री के अन्य सेलेब्स की तरह ही वो भी प्रॉपर्टी के मामले में काफी सक्रिय हैं। फ्लैट खरीदने से लेकर बेचने तक, दोनों ही बहनें काफी तेज हैं। ऐसे में खबर आई है दोनों बहनों ने मिलकर मुंबई में ही 12 करोड़ के आसपास के चार फ्लैट्स सेल किए हैं। खबर की मानें तो दोनों ही एक्ट्रेस ने अलग-अलग जगहों पर कई फ्लैट्स बेचे हैं। बहनों ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में लोखंडवाला कॉम्पलेक्स में एक-एक फ्लैट बेचे हैं, जिनकी कीमत 6 करोड़ के आसपास की है। इन फ्लैट्स की रजिस्ट्री 2 नवंबर की बताई जा रही है। इन फ्लैट्स में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है।



# अहान का ब्रेकअप, टूटा तानिया संग रिलेशन

**मुंबई।** एक्टर अहान शेट्टी इस समय चर्चा में आ गए हैं। खबरें हैं कि अहान का 11 साल का रिलेशनशिप टूट गई है। खबरों के मुताबिक एक्टर का उनकी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ से ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के ब्रेकअप को हुए डेढ़ महीने हो गए हैं। दोनों 11 साल से एक-दूसरे संग रिलेशनशिप में थे। अहान और तानिया बचपन से एक साथ ही पढ़े हैं और फिर एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि कपल के रास्ते अलग हो चुके हैं। हालांकि, अभी तक दोनों के ब्रेकअप की कोई वजह सामने नहीं आई है। वहीं, अहान और तानिया की तरफ से भी इस खबर पर कोई रिएक्शन नहीं आया है। लेकिन लंबे समय से दोनों ने एक-दूसरे के साथ कोई पोस्ट शेयर नहीं किया है। वहीं, अहान और तानिया एक-साथ स्पॉट भी नहीं हुए हैं।

## टीवी मसाला



# दिशा ने साझा किया अपना फिटनेस रूटीन

**मुंबई।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दिशा परमार हाल ही में मां बनी हैं। वह अपनी बच्ची के साथ समय बिता रहीं हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना फिटनेस रूटीन साझा किया है। डिलीवरी के बाद से एक्ट्रेस अपने आपको फिट रखने की पूरी कोशिश में लगी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वर्कआउट की झलकियां साझा कर रहीं हैं। एक्ट्रेस मां बनने के बाद खुद को फिट रखने के लिए वह तरह-तरह की एक्सरसाइज और योगा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया वह अपने डिलीवरी वर्कआउट को क्रश कर रहीं है। दिशा इसी साल मां बनी हैं। उन्होंने एक नन्हीं सी पारी को जन्म दिया है। वह इस समय मदरहुड का लुफ्त उठाती नज़र आ रही हैं। वे आए दिन अपनी बच्ची की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस की नन्हीं परी दो महीने से ऊपर की हो गई हैं। इसीलिए अब एक्ट्रेस ने भी अपनी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू कर दिया।

# संदीपा धर ने भारत की सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए रैंप वॉक किया...

**मुंबई।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि के उत्सव में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने भारतीय शराब ब्रांड के भव्य लॉन्च



कार्यक्रम में उसके लिए वॉक करते हुए मुख्य मंच पर कदम रखा। यह उत्तम व्हिस्की, भारत को परिभाषित करने वाली मनमोहक भावना के प्रति एक श्रद्धांजलि है। सभी भारतीय चीजों के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर संदीपा धर ने लॉन्च का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उनके अपने शब्दों में, जब से मैं बच्ची थी, मुझ पर पूरी तरह से भारतीय चीजों का जुनून सवार रहा है। चाहे वह पारंपरिक बॉलीवुड नृत्य और संगीत के प्रति मेरा प्यार हो या आधुनिक भारतीय कहानी कहने का शौक हो, मुझे अपनी भारतीयता के हर पहलू का जश्न मनाना पसंद है। इसलिए, यहां भारत के सार का जश्न मनाते हुए स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा लग रहा है।

# बप्पी लाहिड़ी ने एक साल में 180 गाने कम्पोज कर बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड...

## बप्पी दा के गाने जिम्मी-जिम्मी के फैन थे माइकल जैक्सन

**मुंबई।** बप्पी लाहिड़ी भारतीय फिल्म संगीत का वो नाम है, जिसने डिस्को डांसर से लेकर तम्मा तम्मा और तूने मारी एंट्रियां तक जैसे कई लाजवाब गाने दिए। 11 साल की उम्र से ही धुन बनाना शुरू कर चुके बप्पी दा के जिम्मी-जिम्मी गाने के फैन तो खुद माइकल जैक्सन भी थे। बप्पी दा ने अपने सिर पर डिस्को किंग का ताज तो सजा ही रखा था लेकिन क्या आप जानते हैं साल 1986 में उन्होंने ऐसा कारनामा किया था, जिसने उनका नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हो गया।



### डिस्को के अलावा कई क्लासिकल गाने भी दिए

बप्पी दा के गानों की बात करें तो वैसे तो उन्हें डिस्को सॉन्ग के लिए जाना गया लेकिन बप्पी दा ने कई क्लासिकल गाने भी दिए। पग घुंघरू बांध गाने को ही देख लीजिए जिसमें बप्पी दा ने किशोर दा से 12 मिनट लंबा क्लासिकल गाना गंवाया, और आपको पता है किशोर दा इतना लंबा गाना सुनकर गुस्सा भी हो गए थे। बप्पी दा ने 'प्यार है बस यही' जैसे गानों से दिल के तार भी छुए थे। यह गाना साल 1986 में आई फिल्म शीशा का है। इस फिल्म में किशोर दा ने इस गाने के दो वर्जन गाए हैं, एक खुशी का है तो दूसरा आंखों में नमी लाने वाला है।

### एक साल में दिया सर्वाधिक फिल्मों में म्यूजिक

बप्पी दा को टैलेंट की खान कहा जाता था और यह यूं ही नहीं कहा जाता था। उन्हें म्यूजिक से कितना प्यार था और वो उसमें किस कदर डूबे हुए थे, इसकी मिसाल 1986 में देखने को मिली। जानते हैं आप इस साल बप्पी लाहिड़ी ने 10-20 नहीं बल्कि पूरी 33 फिल्मों में म्यूजिक दिया था। बप्पी लाहिड़ी ने इन फिल्मों के लिए 180 गाने कम्पोज किए थे। इतने गाने कम्पोज करते ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हो गया।

# कलाकारों ने क्रिसमस के लिए बनाए सेलिब्रेशन प्लान्स..!

**मुंबई।** छुट्टियों का मौसम आ गया है, और ऐसे में खुशी और उमंग का त्यौहार क्रिसमस बस आने ही वाला है। हर साल 25 दिसंबर को धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाता है। इस त्यौहार की अपनी सबसे प्यारी यादें ताजा करते हुए, निहारिका रॉय (प्यार का पहला नाम राधा मोहन की राधा), अदिति शर्मा (रब से है दुआ की दुआ), किशोरी शहाणे विज (कैसे मुझे तुम मिल गए की बबीता), शालिनी महल (कुंडली भाग्य की शनाया), निक्की शर्मा (प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की शक्ति), अबरार काज़ी (कुमकुम भाग्य के राजवंश), रोहित सुचंती (भाग्य लक्ष्मी के ऋषि) और अविनेश रेखी (इक कुड़ी पंजाब दी के रांझा) जैसे टीवी कलाकारों ने इस साल क्रिसमस के लिए अपनी रोमांचक और मजेदार योजनाओं के बारे में खुलासा किया। निहारिका रॉय ने कहा, मेरे लिए क्रिसमस प्यार बांटने के बारे में है! यह केक और कुकीज़, मिठाइयों और गानों का मौसम है! इस त्यौहार से जुड़ीं मेरी बचपन की



बहुत अच्छी यादें हैं। 'रब से है दुआ' में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति शर्मा ने कहा, दिसंबर मेरा पसंदीदा महीना है और मैं क्रिसमस के कारण लगभग आधे साल इस महीने का इंतज़ार करती हूं। इस साल मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सीक्रेट सांता गेम खेलने की योजना बना रही हूं, फिर शाम को मैं अपने करीबी दोस्तों के साथ डिनर के लिए बाहर जाऊंगी।

# सालार ने पहले दिन की 95 करोड़ रुपए की रिकार्ड तोड़ ओपनिंग




**मुंबई।** 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई प्रभास स्टारर फिल्म सालार को दर्शकों से पहले दिन बहुत अच्छा रिस्पान्स मिला। सालार की पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सालार ने रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है। सालार ने पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है, जवान की पहले दिन की कमाई 65.5 करोड़ रही थी। पठान ने पहले दिन 55 करोड़ का कलेक्शन किया था और एनिमल की पहले दिन की कमाई 54.75 करोड़ थी।

# डंकी ने दो दिन में किया 50 करोड़ का कलेक्शन, पहले दिन कमाए 29.2 करोड़



**मुंबई।** शाहरुख खान की डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। डंकी में विक्की कौशल, तापसी पन्नू और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नॉन-हॉलिडे रिलीज होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, पहले दिन 29.2 करोड़ रुपए की कमाई करने के बाद, राजकुमार हिरानी की फिल्म ने दूसरे दिन 20 करोड़ रुपए की कमाई की। कुल मिलाकर अभी फिल्म ने 49.20 करोड़ रुपए कमा लिए है।

# धीमी पड़ी एनिमल की कमाई, 20 दिन बाद कमाए मात्र 2.50 करोड़



**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल को 21 दिन बीत गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, एनिमल ने 21वें दिन को केवल 2.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि अब तक की सबसे कम कमाई है। वहीं इसके बाद भारत में एनिमल का कलेक्शन 531.34 करोड़ हो पाया है। जबकि वर्ल्डवाइड 859 करोड़ पार हो एनिमल की कमाई हई है और इंडिया ग्रॉस 630.35 करोड़ पहुंच गया है। फिल्म में रणबीर के अलावा रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

## खबर संक्षेप



### नगरीय निकायों में सफाई अभियान

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ शासन की बागडोर सम्हालते ही उनके निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई इलाज, आयुष्मान, आधार, पेंशन आदि जनता की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के तहत विगत 13 दिसंबर को सभी नगरीय निकाय सारंगढ़, सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़, भटगांव में और ग्रामीण क्षेत्र में 14 दिसंबर को स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफ सफाई किया गया। इसी प्रकार शुक्रवार को नगरीय निकाय सारंगढ़ में रानी लक्ष्मीबाई कॉम्प्लेक्स के पास साफ सफाई किया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि यह जिला हमारे स्वयं का है। इसके साफ सफाई, स्वच्छता की जिम्मेदारी हमारी अपनी है। कचरा और गंदगी को रोकने के लिए हम सक्षम हैं। हमारे व्यवहार में स्वच्छता का आदत शामिल करना होगा। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। इसके साथ ही साथ दुकानों के सामने सड़क पर मोटरसायकल, कार, अन्य वाहन आदि को खड़ा कर यातायात को बाधित नहीं करें। निर्धारित स्थानों में कचरा का निपटारा करें। नगरपालिका, नगर पंचायत और स्वच्छता दीदियों के माध्यम से शहर, नगर, गांव को स्वच्छ रखें।

### लायनेस क्लब रूलर पहुंची असीम छाया वृद्धाश्रम



**रायगढ़।** वृद्ध जनों असहाय लोगो की मदद करने वाली संस्था लायनेस क्लब रूलर की अध्यक्षा बीना चौहथा संस्था के सदस्यों के साथ असीम छाया वृद्धाश्रम पहुंची और दिसंबर माह की तेज ठंड के मद्देनजर वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों को ठंड से बचाएं आवश्यकता नुसार स्वेटर मफरल, प्रदाय किया गया। ठंड मौसम की बीमारियो सर्दी खासी सहित अन्य बीमारियो के इलाज हेतु आयुषविग की चिकित्सा टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया शिविर मे सभी आवश्यक निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। सस्था के बुजुर्ग लायनेस के सदस्यों को अपने मध्य पाकर बेहद खुश हुए। संस्था के संस्थापक रंजीत चौहान सहयोगी सुदीप मंडल ने लायनेस संस्था के प्रति इस सहयोग के प्रति आभार भी जताया। इस दौरान लायनेस प्रिती मित्तलए लायनेश प्रतिभा पटवारी लायनेश नवीन सिंह राजपुत आयुष्य विभाग से डॉक्टर विभा पटवर्धन विशेषज्ञ चिकित्सा गोमती सिदारए रीता यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। असीम छाया फाउंडेशन संस्था पूरी शिद्दत के साथ बुजुर्गो की सेवा में जुटी हुई है और समाज सेवा की एक मजबूत मिशाल पेश कर रही है।

## निधन

### ज्योर्तिमय भट्टाचार्य



**रायगढ।** स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक ज्योर्तिमय भट्टाचार्य का बीते 19 दिसंबर को अपरान्ह 4.50 बजे देहांत हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे और स्थानीय बालाजी मेट्रा हॉस्पीटल में उनका उपचार चल रहा था। श्री भट्टाचार्य एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् होने के अलावा हिन्दीए बंगला व अंग्रेजी साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान थे। उनकी आयु 82 वर्ष थी। उनकी अंतिम यात्रा दरोगापारा भट्टाचार्य गली स्थित उनके पैतृक निवास स्थान से निकाली गई और स्थानीय मुक्तिधाम में उनका दाह संस्कार किया गया। श्री भट्टाचार्य अपने पीछे एक पुत्री, नाती, दामाद समेत रोता बिलखता भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### नगर निगम ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे से जिलास्तरीय कार्यक्रम

# सुशासन दिवस आज, किसानों को मिलेगा बोनस का बकाया 136 करोड़ रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों को धान बोनस दिए जाने गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रीए भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री . विष्णु देव साय रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह से किसानों को राशि जारी करेंगे। रायगढ़ जिले के किसानों को इसके तहत वर्ष 2014-15 और 2015-16 के बकाया बोनस का कुल 136.11 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। रायगढ़ में नगर निगम ऑडिटोरियम में दोपहर 01 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें से हितग्राही वर्चुअल रूप से मुख्य समारोह से जुड़ेंगे।

■ रायगढ़ और सारंगढ़ में कलेक्टर ने अधिकारियों के दिए निर्देश

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के किसानों से किए गये वायदे के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के मान से क्रय करने का आदेश जारी हो चुका है। धान उपार्जन केन्द्रों एवं सोसायटियों द्वारा नवीन निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी करना शुरू कर दिया है। नगर निगम ऑडिटोरियम में शाम 04 बजे से आयोजित होगा अटल संध्या कार्यक्रम 25 दिसंबर राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में आयोजन किए जाएगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी संबंधित अधिकारियों को सारी तैयारियां पूर्ण करने शासन से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजन संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायतों में प्रातः 10 बजे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के उपस्थिति में अटल चौक में कार्यक्रम किए जायेंगे। सुशासन दिवस के साथ ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक सप्ताह तक सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में शाम 04 बजे से अटल संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कवि सम्मेलन अटल की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, अटल की जीवन पर फोटो प्रदर्शनी का कार्यक्रम होगा।



### सारंगढ़ में भी सुशासन दिवस पर आयोजन

राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 25 दिसंबर को सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के दिशा निर्देश जारी किए है। सुशासन दिवस पर आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभी सीएमओ को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी दिन राज्य शासन द्वारा धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण भी किसानों को किया जाएगा। इसके लिए डॉ सिद्दीकी ने सहकारिता और अपेक्स बैंक को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य शासन से जारी आदेश के तहत 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ सफाई आदि किए जाने के साथ ही स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक सप्ताह नियमित संचालित किए जाने के निर्देश दिए है। अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा तथा ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। 25 दिसंबर को ही शाम में अटल संध्या का आयोजन किया जाना है जिसमें कविता पाठ किया जाएगा।



## संकल्प यात्रा में 11 हजार से अधिक का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं डिजीटल स्क्रीन के माध्यम से गांव गांव पहुंच रही है। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगने वाले विभागीय कैंप के माध्यम से लोग केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी हो रहे हैं।

इसी कड़ी में कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये जाने वाले स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से अब तक 11 हजार 50 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा चुका है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले में अब तक कुल 58 कैम्प लगाए गए है। जिनमें सिकल सेल जांच की संख्या 3858 है। इसी तरह 3334 लोगों का उच्च रक्तचाप एवं शुगर जांच, 3858 लोगों का टीबी जांच किया गया एवं 2321 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही आयोजित शिविर में स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध है। जहां ग्रामवासी अपना स्वास्थ्य जांच के साथ ही टीबी, सिकल सेल, रक्त जांच जैसे विभिन्न ईलाज भी करवा रहे हैं।

## लिटिल ऐंजल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



**पुसौर।** ब्लॉक अंतर्गत संचालित लिटिल एंजील इंग्लिश मीडियम स्कूल में बीते 23 दिसंबर को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि युवा व्यवसायी पावन अग्रवाल ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय प्रबंधन को एक स्वस्थ्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दी। वहीं बाल प्रतिभाओं ने भी अपने हुनर से न केवल अपने पालको बल्कि आमंत्रित मेहमानों को भी हैरत में डाल दिया।

वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम कुछ इस तरह का रहा जिससे उपस्थित पालक और आए हुए अतिथि एवं दर्शक दीर्घा इनकी जमकर तारीफ की। जानकारी के मुताबिक स्कूल प्रबंधक दुष्यंत कुमार प्रधान एवं संयोजक द्वारा इसकी रूप रेखा तैयार की गई थी इस आधार पर 11 बजे स्कूल के समय शाला परिवार एक साथ भोजन किए इसके बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी लारा के एच आर हेड कन्हैया दास, नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा, पवन अग्रवाल रहे साथ ही अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। 3 बजे प्रारंभ हुए उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती का पूजा अर्चना की गई उसके बाद क्रमशः 42 प्रकार के कार्यक्रम हुए जिसमें 600 छात्रों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के बीच सुदामा चरित्र एवं पारंपरिक नृत्यों को लेकर छात्रों का सराहना हुआ। सुदामा चरित्र के बीच छात्र उत्तम पटेल द्वारा गाया हुआ गीत एवं प्रदर्शन को लेकर कई दर्शकों की आंखे नम हुई वहीं गुजराती और संबलपुरी फाग डांस में छात्रों ने तालिया बटोरी। प्रत्येक कार्यक्रम के बीच में छात्रों द्वारा किया जा रहा ऐंकरिंग दर्शकों के चेहरे में मुस्कुराहट लाने में काफी रहा वहीं 10वीं में उत्तम परीक्षा परिणाम लाने वाले संयम कंसारी, अपुर्वा साहू एवं दिशा यादव को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### सारंगढ़ में दो कट्टा अवैध धान जब्त, मंडी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के खिलाफ लगातार मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में 6 दिसंबर से 23 दिसंबर के मध्य खाद्य विभाग और मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान जप्ती की कार्यवाही की गई। संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ के दानसरा में सतीश कुमार अग्रवाल से 28 बोरी माधोपाली के बजरंग अग्रवाल से 34 बोरी, भौंरादादर के दिलीप कुमार से 33 बोरी, मल्दा घनश्याम साहू से 50 बोरी एवं उलखर के बलराम चंद्रा से 55 बोरी अवैध धान जप्त किया गया। इस तरह कुल 200 बोरी धान जब्त कर कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में सुपुर्द किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में धान खरीदी कार्यों को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद है जांच एवं निगरानी के लिए बनाई गई संयुक्त टीम लगातार गड़बड़ी एवं अव्यवस्था की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## तमनार में करण कप क्रिकेट स्पर्धा की तैयारियां जोरों पर



**तमनार।** केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य जनपद तमनार में सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा नव वर्ष के सुअवसर पर 16 वां वर्ष अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2023 -24 स्व विजय बोबा एवं सुमित पटनायक को विनम्र श्रद्धांजलि का आयोजन 25 दिसम्बर को हाई स्कूल मैदान तमनार में भव्य शुभारम्भ किया जाएगा।

ज्ञात हो कि वर्ष 2009 से लगातार हर वर्ष 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश नव वर्ष के सुअवसर पर आयोजन की जाती है। स्पर्धा में स्थानीय ग्रामीण रणजी प्रांतीय व राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शन करते है। शासकीय हाई स्कूल मैदान के चारो ओर आयोजक व राज टेंट द्वारा बेनर झंडो से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। बाउंड्री वाल के चारो ओर किरण पेंटर द्वारा मनमोहक पेंटिंग की जा रही है।

करण कप स्पर्धा में प्रथम पुरुस्कार एक लाख इन्कावन हजार रुपए एवं करण कप द्वितीय पुरुस्कार इकसठ हजार रुपए एवं करण कप तृतीय पुरुस्कार पन्द्रह हजार रुपए व करण कपएमेन ऑफ़ दी सीरीज, प्रत्येक मैच में मेन ऑफ दी मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्टमेन, कीपर को आकर्षक पुरुस्कार, हैट्रिक चौका, छक्का, विकेट पर आकर्षक पुरुस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक मैच 10.10 ओवर का खेला जाएगा। सभी टीम समान गणवेश ड्रेस में एवं सभी मैच राष्ट्रीय नियमो के अनुसार खेला जाएगा। इस वर्ष स्थानीय तमनार, घरघोड़ा, रायगढ, बिलासपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रांची झारखंड, भोपाल मध्यप्रदेश, ओडिसा, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रांतों के 30 से अधिक टीम शामिल होंगे।

## पीएम फसल बीमा के लिए आवेदन 31 तक

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के रबी फसल और उद्यानिकी फसलों के लिए पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं रोगों के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के नष्ट होने पर कृषकों को वित्तीय सहायता दी जाती है जिससे प्राकृतिक आपदा के वर्षो में कृषि आय को स्थिर रख सकें।

कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन और कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में किसान गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित के अतिरिक्त सरसों तथा अलसी का बीमा करा सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओला वृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य जारी

**रायगढ़।** 22 दिसम्बर से 5 जनवरी तक पुनरीक्षण के पूर्व गतिविधियां पूर्ण करना है। इसी तरह एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी, दावा आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 6 से 22 जनवरी, मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन 13 एवं 14 जनवरी, दावा आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति प्राप्त करना एवं डेटाबेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई करना 6 फरवरी एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ऐसे व्यक्ति जिनकी उम्र 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हो वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फार्म 6 भर सकते है इसके साथ ही 1 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर में जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वे भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन फार्म 6 भर सकते है।

मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवासरत ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई होए अन्यत्र चले गए हो मतदाता सूची में डबल नाम हो वे नाम विलोपित करने के लिए फार्म 7 और मतदाता सूची में अपना नाम पता जन्म तिथि इत्यादि की सुधार व नए मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के लिए फार्म 8 भर सकते है।

मतदातागण फार्म 6, 7, 8 संबंधित मतदान केन्द्रों के बूथ लेबल अधिकारी के माध्यम से ऑनलाईन भर सकते है तथा स्वयं भी वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से फार्म ऑनलाईन भर सकते है। माह जनवरी के 13 जनवरी एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

## छात्रावास के विद्यार्थियों को ट्रैक सूट का वितरण



**पुसौर।** शासकीय हायर सकेण्डरी स्कूल पुसौर के ग्राउंड में स्थापित बालक छात्रावास में निवासरत 50 छात्रों को बीएमओ डा. बी के चंद्रवंशी के हाथो ट्रेक सूट वितरण हुआ। जानकारी के मुताबिक उक्त ट्रेकसूट की स्वीकृति सहायक आयुक्त बीके राजपूत के पहल से हुई। बताया जाता है कि ठंड प्रारंभ के पहले ही इन्होंने पुसौर छात्रावास अधीक्षक सीएस मिश्रा से छात्रों की संख्या मांगी और इनके लिए ट्रेक सूट के साथ साथ अन्य सामग्री के लिए अपने उच्चाधिकारियों के समक्ष मांग रखी जो ठीक ज्यादा ठंड पडने की स्थिति में छात्रों को मिली है जिससे छात्रों एवं उनके पालकों ने छात्रावास प्रबंधन से जुडे सभी लोगों को साधुवाद कर रहे हैं।

### रोटरी क्लब और एनएसएस का विद्यालय में विशेष जागरुकता

# नशे के नुकसान बता रहीं सामाजिक संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंन्ध्रा के साथ दिवसीय विशेष शिविर बिरनीपाली जीरानाला में रायगढ़ से संजीवनी अस्पताल के संचालक एवं भारत स्काउट एवं गाइड के कमिश्नर पुरुषोत्तम अग्रवाल तथा रोटरी क्लब का रायगढ़ ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष द्वारा अजय बेरवाल, उमेश थवाईत एवं आगामी अध्यक्ष नीरज गुप्ता शिविर स्थल में पहुंचकर स्वयंसेवक छात्र छात्राओं को पुस्तक कॉपी पेन एवं थाली गिलास बांटकर उनका प्रोत्साहन किया वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई बरमकेला के अध्यक्ष रतन शर्मा की अगवाई में डेढ़ सौ वृद्धजनों को कंबल बांटकर सेवा कार्य किया गया।



जागरुकता शिविर में मौजूद सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी व विद्यार्थी।

विदित हो कि नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम को लेकर इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष शिविर ग्रामीण अंचलों में संचालित है इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेन्ध्रा के एनएसएस इकाई का विशेष शिविर बिरनीपाली जीरानाला सत्य महिमा आश्रम में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक संचालित है जहां स्कूल के साठ स्वयंसेवक प्राचार्य राजकुमारपटेल केदिशा निर्देश तथा अपने कार्यक्रम अधिकारी बुद्धदेव मिश्रा एवं कार्यक्रम सहयोगी सरोज साहू के नेतृत्व में शिविर स्थल में पहुंचकर विभिन्न रचनात्मक सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल रायगढ़ के समाजसेवी संस्था से पदाधिकारी को लेकर शिविर में पहुंचे तथा बरमकेला चैंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष रतन शर्मा, रामेश्वर बारिक, बाबूलाल पटेल, वरिष्ठ पत्रकार मोहन नायक एवं शोभादास महंत भी सामग्री वितरण में अपनी विशेष भूमिका निभाई।

